सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यालयीय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय–परिसर में विदेशी भाषा डिप्लोमा, स्नातकोत्तर भाषा विज्ञान प्रमाण–पत्रीय एवं संगीत प्रमाण–पत्रीय में प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2023–2024

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के विश्वविद्यालय परिसर में भाषा विज्ञान के अर्न्तगत संचालित विदेशी भाषा डिप्लोमा रूसी, फ्रेन्च, जर्मन, तिब्बती, नेपाली, अंग्रेजी, स्नातकोत्तर भाषा विज्ञान प्रमाण–पत्रीय एवं साहित्य विभाग द्वारा संचालित संगीत प्रमाण–पत्रीय के प्रथम वर्ष के छात्रों को दिनांक 26.06.2023 के प्रवेश–समिति के निर्णयानुसार प्रवेश हेतु आनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट **www.ssvvonline.in** के **''प्रवेश सत्र 2023–2024''** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें।

सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की तिथि 03.07.2023 से 20.07.2023 तक निर्धारित की जाती है।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर ले।

नोट 1 – पंजीकरण शुल्क रू0 200/– प्रति छात्र देय होगा।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 1.7.23
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सा0 – 499 /2023 दिनांक – 30.06.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
5– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
8– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
9– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 1.7.23
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी